प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 20.05.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- चतरा, कोडरमा और हजारीबाग सीट के लिए दिन के ग्यारह बजे तक 26 दशमलव एक आठ प्रतिशत पड़ चुके हैं वोट, गांडेय विधानसभा उपचुनाव में भी 24 प्रतिशत हो चुकी वोटिंग।
2- राज्य में पांचवे चरण के चुनाव को लेकर मतदाताओं में उत्साह, अन्नपूर्णा देवी, मनीष जायसवाल, विनोद सिंह, कालीचरण सिंह, और चंद्रप्रकाश चौधरी समेत कई नेताओं ने डाले वोट।
3- झारखंड में अंतिम दो चरणों के चुनाव को लेकर प्रचार अभियान जोरों पर, भाजपा के बाबूलाल मरांडी धनबाद में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में ले रहे हिस्सा, कांग्रेस की प्रियंका गांधी 21 मई को गोड्ड़ा और 22 को रांची में करेंगी चुनावी रैली।
4- राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अबतक लगभग एक सौ इक्कीस करोड़ रुपए मूल्य की अवैध सामग्री और नकदी हो चुकी है जब्त।
5- कोल इंडिया के सीएमडी पीएम प्रसाद ने राजमहल कोल प्रक्षेत्र का किया दौरा, चालू वित्तीय वर्ष में 20 मिलियन टन कोल उत्पादन का लक्ष्य हासिल करने के लिए दिए निर्देश।

*****************

पांचवे चरण में राज्य के चतरा, कोडरमा और हजारीबाग लोकसभा सीट तथा गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए सवेरे सात बजे से मतदान जारी है। इन तीनों सीटों के लिए दिन के ग्यारह बजे तक 26 दशमलव एक आठ प्रतिशत मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर चुके हैं। इसमें चतरा में 26 दशमलव शून्य एक, कोडरमा में 26 दशमलव नौ पांच, और हजारीबाग में 25 दशमलव चार पांच प्रतिशत मतदान हो चुका है। वहीं गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए 24 दशमलव शून्य दो प्रतिशत मतदाता वोट कर चुके हैं। इधर, वोटिंग करने को लेकर शहर से लेकर ग्रामीण और नक्सल प्रभावित इलाकों में मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। मतदान केंद्रों पर सवेरे से ही मतदाताओं की कतार लगी हुई। वहीं, पहले मतदान करने के लिए आने वाले मतदाताओं का बूथों पर स्वागत किया जा रहा है। अब चुनाव और मतदान से जुड़ी विस्तृत जानकारी के लिए आईए हम आपको सीधे लिए चलते हैं हमारे जिलों के संवादादाता के पास और जानते हैं कि मतदान को लेकर मतदान केंद्रों पर माहौल कैसा है।

*****************

राज्य के तीन लोकसभा सीटों और गांडेय विधानसभा उपचुनाव में आम से लेकर खास मतदाता बढ़–चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। आज सुबह से ही मतदाताओं में वोटिंग के लिए उत्साह देखा जा रहा है। मतदान केन्द्रों पर महिला मतदाता बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रही हैं। केन्द्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी अपने परिवार के साथ कोडरमा के उत्क्रमित मध्य विद्यालय चाराडीह में बने बूथ संख्या एक सौ छियानबे पर अपना वोट डाला। इधर चतरा में भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं हजारीबाग में पूर्व केन्द्रीय मंत्री यशवन्त सिन्हा ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय हुपाद स्थित मतदान केंद्र में मतदान किया। सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी और रामगढ़ की विधायक सुनीता चौधरी ने रजरप्पा के बूथ नंबर एक सौ छियानबे पर मतदान किया। गिरिडीह से चुनाव लड़ रहे विनोद सिंह ने बगोदर के खंबरा स्थित मतदान केन्द्र और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गिरिडीह के राजधनबार स्थित कोदाई बांक, हजारीबाग से भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने हजारीबाग और कांग्रेस प्रत्याशी जे पी भाई पटेल ने विष्णुगढ़ प्रखण्ड के चानों स्थित मतदान केन्द्र में वोट डाला। हजारीबाग लोकसभा सीट के लिए आज हो रहे मतदान को लेकर ग्रामीण इलाकों के मतदाताओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। यहां मतदान केंद्रों पर सुबह से ही मतदाताओं की लंबी कतारें लगी हुई है। वहीं चतरा के भी विभिन्न बूथों पर महिलाओं और युवा मतदाताओं की कतार सुबह से ही देखने को मिल रही है। वहीं चतरा सीट के अंतर्गत आने वाले लातेहार जिले के विभिन्न बूथों पर मतदान को लेकर मतदाताओं के आने का सिलसिला लगातार जारी है। कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आनेवाले गिरिडीह के विभिन्न बूथों पर पूरी सुरक्षा के बीच मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर रहे हैं वहीं गांडेय विधानसभा उपचुनाव में झामुमो की प्रत्याशी कल्पना सोरेन ने विभिन्न बूथों पर पहुचकर मतदान से जुड़ी जानकारी ली। वहीं अन्य इलाकों में भी मतदान केन्द्रों पर हर श्रेणी के मतदाताओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है।

*****************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मतदाताओं से अपील की कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग करे और वोटिंग का नया रिकॉर्ड बनाएं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने विशेष रूप से महिलाओं और युवा मतदाताओं से लोकतंत्र के त्योहार में अपने संवैधानिक अधिकारों का प्रयोग करने का आग्रह किया।

*****************

राज्य में मतदान प्रक्रिया में महिलाओं और दिव्यांगों की सहभागिता सुनिश्चित करने की दिशा में एक विशेष पहल की गई है। इसके तहत पांचवें चरण में लोक सभा की तीन सीटों के लिए हो रहे चुनाव में 73 मतदान केंद्र महिलाओं द्वारा संचालित की जा रहे हैं । इसमें चतरा में 16, कोडरमा में 23 और हजारीबाग में 34 मतदान केंद्र में वोटिंग करने की सारी जिम्मेवारी महिला मतदान कर्मियों के द्वारा निभाई जा रही है। इसके अलावा 13 मतदान केंद्रों का संचालन दिव्यांग मतदान कर्मियों के द्वारा किया जा रहा है, जबकि तेरह मतदान केंद्रों पर युवा मतदान कर्मियों पर मतदान करने की जिम्मेदारी है। इस चरण में 36 मतदान केंद्र को मॉडल मतदान केंद्र के रूप में विकसित किया गया है।

*****************

राज्य में छठे चरण में रांची, धनबाद, गिरिडीह और जमशेदपुर तथा सातवें चरण में राजमहल, दुमका और गोड्डा लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान जोरों पर है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी जहां धनबाद के निरसा और सिंदरी में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में हिस्सा ले रहे हैं। वहीं, कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी बाइस मई को गोड्डा में, कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप कुमार यादव और रांची के नामकुम में प्रत्याशी यशश्विनी सहाय के समर्थन में चुनावी रैली करेंगी।

*****************

छठे चरण में पच्चीस मई को रांची लोकसभा सीट के होने वाले चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारियां अंतिम चरण में हैं। यहां शांतिपूर्ण, भयमुक्त और हिंसा रहित माहौल में सुनयोजित और व्यवस्थित तरीके से चुनाव कराने के लिए अठारह हजार आठ सौ बारह कर्मियों को ड्यूटी पर लगाए जाने को लेकर सूची तैयार कर ली गई है।

*****************

जमशेदपुर लोकसभा सीट के चुनाव में इस्तेमाल होनेवाले सभी वाहनों को जीपीएस से जोड़ा जा रहा है।

*****************


आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

*****************

राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अबतक एक अरब इक्कीस करोड़ इक्यान्बे लाख रुपए मूल्य की अवैध सामग्री और नकदी जब्त की जा चुकी है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि आयकर विभाग के दायरे में लगभग पांच करोड़, सात लाख बहत्तर हजार रुपए की नकद राशि और अन्य बहुमूल्य सामग्री की जांच की गई। इसके बाद जहां दो करोड़ निन्यान्बे लाख छियत्तर हजार रुपए मूल्य की सामग्री जब्त कर ली गई, वहीं एक करोड़ बासठ लाख इक्यावन हजार रुपए संबंधित पक्षों को वापस कर दिए गए। गौरतलब है कि चुनाव को प्रभावित करने वाले सामग्रियों की आवाजाही को रोकने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। इसके तहत सभी चेकनाकों पर चौबीस घंटे वाहन चेकिंग के साथ शराब और अन्य अवैध मादक पदार्थों की जब्ती के लिए लगातार छापेमारी हो रही है।

*****************

कोल इंडिया के सीएमडी सह– प्रबंध निदेशक पीएन प्रसाद ने ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड के राजमहल क्षेत्र के हुर्रा सी परियोजना का दौरा किया। इस मौके पर उन्होंने नए सीएचपी और सेलो का निर्माण कार्य समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कंपनी को सभी परियोजनाओं को भी तय समय सीमा पर पूरा करने कहा। गौरतलब है कि राजमहल क्षेत्र को इस वित्तीय वर्ष में 20 मिलियन टन कोयला उत्पादन करने का लक्ष्य निर्धारित है। ऐसे में उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक कर कोल उत्पादन बढ़ाने को लेकर विचार विमर्श किया।

*****************

झारखंड में आज तीन लोकसभा सीट और गांडेय विधानसभा उपचुनाव के हो रहे मतदान को लेकर आकाशवाणी रांची के प्रादेशिक समाचार एकांश के द्वारा जीवंत चुनावी परिचर्चा का आयोजन किया जाएगा। जिसका प्रसारण रात आठ बजे से साढ़े आठ बजे तक होगा।

*****************

पलामू जिले में शहरी पेयजलापूर्ति योजना के दूसरे चरण का कार्य फिर से शुरू हो चुका है।

*****************

भारत के प्रमुख पैरासटलर सुकांत कदम, तरूण और सुहास ने पेरिस में होने वाले पैरालिंपिक्स में अपने लिए जगह बना ली। सुकांत कदम पहली बार पैरालिंपिक्स में भाग ले रहे हैं और वे पुरुषों की एसएल–फोर श्रेणी में खेलेंगे। यह वह श्रेणी है जिसमें खिलाडियों के पैरों में विकलांगता होती है। तरूण और सुहास ने भी इसी श्रेणी से क्वालीफाई किया है।

*****************

राजधानी रांची में चल रहे प्रथम रांची हॉकी लीग में आज हुलहुन्दू, रांची और हॉकी गुमला तथा एजी झारखंड और फगुआ इलेवन के बीच मैच खेला जाएगा। इससे पहले कल पुरुष वर्ग में एनटीएचए जमशेदपुर ने झारखंड इलेवन पर दो –शून्य से जीत दर्ज की । वहीं, महिला वर्ग में सुपर क्वीन क्लब ने साई, रांची को पराजित किया। हॉकी झारखंड के सहयोग से मरांग गोमके ऐस्ट्रो टर्फ स्टेडियम, मोरहाबादी में आयोजित इस लीग का फाइनल मुकाबला दो जून को खेला जाएगा।

*********समाप्त***********